आज का मैच

सनराइजर्स हैदराबद V/S आरसीबी

समय-7.30 बजे, हैदराबाद में

खास-खबर

सूर्या आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

दुबई (एजेंसी)। भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकट परिषद (आईसीसीआई) की जारी ताजा रैकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और उनकी रेटिंग 755 की है। मारक्रम के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है और वे एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवें नंबर पर पहुंचे गए हैं। शीष पांच बल्लेबाजों के बाद छठे स्थान पर 714 रेटिंग के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो 689 की रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर 680 की रेटिंग के साथ अब एक स्थान की उछाल के साथ आठवें नंबर पर पहुंच हैं। न्यूजीलैंड के फिन ऐलन एक स्थान नीचे यानी नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 666 की है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेड्रिक्स 660 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 10 पर बने हुए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज हैं। वह न्यूजीलैंड केखिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतिम गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत

ऋषभ पंत ने खेली नाबाद 88 रन की पारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्लेयर ऑफ द मैच कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। यह गुजरात की दिल्ली के खिलाफ लगातार दूसरी हार है। इससे पहले अहमदाबाद में भी दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ छह विकेट से जीत हासिल की थी।

इस जीत के साथ दिल्ली की टीम अंक तालिका में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है। उसने नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है। वहीं, गुजरात की टीम सातवें से आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। उसने भी नौ में से पांच मैच गंवाए हैं और उसके भी आठ अंक हैं। हालांकि, नेट रन रेट में गुजरात की टीम दिल्ली से पीछे है। दिल्ली का अगला मैच 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से दिल्ली में ही है। वहीं, गुजरात की टीम अपना अगला मैच 28 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगी। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन, सात चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। राशिद खान (11 गेंद में नाबाद 21) ने रसिक पर चौका और साई किशोर (13) ने लगातार दो छक्के जड़कर 18 रन बटोरे लेकिन साई किशोर अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए। मुकेश के अंतिम ओवर में राशिद ने दो चौके और एक छक्का मारा लेकिन जीत के लिए जरूरी 19 रन नहीं बना पाए। साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, आठ छक्के, पांच चौके) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। गुजरात टाइटंस की ओर से संदीप वॉरियर ने तीन विकेट लिये और नूर अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

दिल्ली कैपिटल्स: शॉ कै. नूर बो. वारियर 11, जेक फ़्रेज़र कै. नूर बो. वारियर 23,अक्षर कै. किशोर बो. नूर 66, होप कै. राशिद बो. वारियर 5, पंत (नाबाद) 88, स्टब्स (नाबाद) 26, **अतिरिक्त** 5,कुल (20 ओवर में) 4 विकेट पर 224 रन । **विकेट पतन:** 1-35, 2-36, 3-44, 4-157 । **गेंदबाजी:** ओमरजाई 4-0-33-0,वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1,मोहित 4-0-73-0, शाहरुख़ 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0।

गुजरात टाइटंस: साहा कै. अक्षर बो. कुलदीप 39, गिल कै. अक्षर बो. नॉर्खिये 6, सुदर्शन कै. अक्षर बो. सलाम 65, ओमरज़ाई कै. फ़्रेज़र बो. अक्षर 1, मिलर कै. सलाम बो. मुकेश 55, शाहरुख़ कै. पंत बो. सलाम 8, तेवतिया कै. पंत बो. कुलदीप 4, राशिद (नाबाद) 21, किशोर बो. सलाम 13, मोहित (नाबाद) 0, अतिरिक्त 8, (20 ओवर में) 8 विकेट पर 220 रन । **विकेट पतन:** 1-13, 2-95, 3-98, 4-121, 5-139, 6-152,7-181, 8-206 । **गेंदबाजी:** खलील 2-0-26-0, नॉर्खिये 3-0-48-1, सलाम 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2 ।

आरसीबी के सामने आज होगी सनराइजर्स की चुनौती

हैदराबाद (एजेंसी)।

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच गुरुवार को यहां उप्पल स्टेडियम में आईपीएल 2024 का मैच खेला जाएगा। वहीं इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की निगाहें आरसीबी के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखायी है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाये 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी। और गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी। आरसीबी को गेंदबाजी आक्रमण में सुधार की जरूरत है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है। आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपायी करने के लिए काफी मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है। आरसीबी ने बल्लेबाजी में शानदार जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद वे कोलकाता नाइट राइडर्स से महज एक रन से हार गये।

उसेन बोल्ट होंगे आईसीसी टी-20 विश्व कप के ब्रांड एम्बेसडर

दुबई(एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को दिग्गज धावक उसेन बोल्ट को अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने की घोषणा की। बोल्ट ने रियो में 2016 ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा जब उन्होंने लगातार तीन ओलंपिक खेलों में तीन स्वर्ण पदक हासिल किए थे। उन्होंने बीजिंग में ओलंपिक खेलों में 100 मीटर, 200 मीटर और 4गुणा100 मीटर, सभी विश्व रिकॉर्ड समय में जीत दर्ज की थी। बोल्ट ने कहा कि क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार ढूंढना बहुत बड़ी बात होगी। मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस खेल को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल बाजार है। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए हम जो ऊर्जा लाएंगे वह 2028 में एलए ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका बनायेगा।

केंद्रीय अनुबंध नहीं मिला, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने को बेताब हैं स्टोइनिस

चेन्नई (एजेंसी)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) का 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बावजूद आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बने शतक का इस्तेमाल अपने सफेद गेंद के करियर को आगामी टी20 विश्व कप से आगे बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। स्टोइनिस को आस्ट्रेलिया की 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी खेली। स्टोइनिस सीए अनुबंध से बाहर किये जाने को इतनी तवज्जो नहीं देते हैं जिसकी घोषणा 28 मार्च को की गयी थी। स्टोइनिस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली छह विकेट की जीत के बाद कहा कि मेरे आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड के साथ अच्छे रिश्ते हैं। मुझे अनुबंध नहीं मिलने की बात पता थी। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को मौका देना और उन्हें मेरी जगह लेने देने के लिए मौका देना अच्छी बात है। अनुबंध सूची में मेरी जगह देने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।% लेकिन यह 34 साल का खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के साथ अपने करियर में कोई बदलाव नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि लेकिन जहां तक खेलने की बात है तो निश्चित रूप से मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि मैं टीम में रहूं और इसलिए ही यह टूर्नामेंट (आईपीएल) हमारे लिए और विशेषकर मेरे लिए बहुत भाग्यशाली है इसलिए मैं इसे इतना पसंद करता हूं। पर्थ में जन्में स्टोइनिस को जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ आस्ट्रेलिया की वनडे टीम से बाहर कर दिया गया लेकिन वह जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में देश के टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप अभियान का हिस्सा बनने को तैयार हैं। स्टोइनिस को टी20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलियाई टीम में पांचवें स्थान पर खिलाये जाने की संभावना है।

बल्लेबाजी संयोजन ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं फ्लेमिंग

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बल्लेबाजी विभाग की अपनी समस्याओं को जल्दबाजी से निपटाने की कोशिश में नहीं जुटा है और मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग आठ मैच में चौथी हार के बावजूद डेरिल मिचेल को शीर्ष तीन बल्लेबाजी क्रम में सामंजस्य बिठाने के लिए समय देने को तैयार हैं। सीएसके पूरे सत्र में शीर्ष तीन क्रम में बल्लेबाजों को उतारने में जूझता रहा है। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अजिंक्य रहाणे और ऋतुराज गायकवाड़ पारी का आगाज करने उतरे जबकि मिचेल को पांचवें से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। पिछले मैच में रहाणे और रचिन रविंद्र को खिलाने के लिए गायकवाड़ को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करायी गयी। घरेलू सरजमीं पर लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि उन्हें अपना बल्लेबाजी संयोजन सही करने की जरूरत है।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम रोमांचक, पर 'आल राउंडर' की भूमिका कम कर दी : वोग्स

चेन्नई (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में 'पावर सर्ज' जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को फील्डिंग पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है। 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे आल राउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। वोग्स भी इस बात से सहमत हैं और उन्होंने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है लेकिन इससे आल राउंडर खिलाड़ियों को नुकसान पहुंच रहा है। इस आस्ट्रेलियाई ने मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली छह विकेट की जीत के बाद कहा कि टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है लेकिन इससे मैच में आल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है। आल राउंडर हमेशा टीम को संतुलन प्रदान करते हैं और शायद वे 'इम्पैक्ट सब' के साथ इतने महत्वपूर्ण नहीं रह गये हैं। आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में 'पावर सर्ज' के नियम से तुलना के बारे में पूछने पर वोग्स ने कहा कि इससे मुकाबला दिलचस्प हो जाता है और उन्हें यह नियम पसंद आता है।

ओस के कारण हमारे स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए: गायकवाड़

चेन्नई (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने हार का दोष ओस को दिया। इस मैच में शतक जड़ने वाले लखनऊ के कप्तान ऋतुराज ने कहा कि यह हार एक कड़वी घूंट की तरह है, लेकिन अच्छा क्रिकेट देखने को मिला। एलएसजी ने अंत में अच्छा खेल दिखाया और मैच को हमसे दूर ले गए। 13-14 ओवर तक खेल हमारे नियंत्रण में था, लेकिन मार्कस स्टॉयनिस को मेरा सलाम है। उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया। इसके अलावा ओस ने भी इस मैच में अहम भूमिका निभाई। ओस के कारण हमारे स्पिनर्स मैच से बाहर हो गए, लेकिन आप इन सब चीजों को नियंत्रित नहीं कर सकते।

न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल
(पुराना जिला पंचायत भवन, जिला भोपाल)

रा.प्र.क्र.-0141/अ-3/2023-24

सूचना-पत्र

प्रति, **01** मनोज शर्मा आ. के एन शर्मा नि.-बडबाई, **02** राकेश शर्मा आ. के एन शर्मा नि.-बडबाई, **03** गिरजा देवी पत्नी के एन शर्मा नि.-बडबाई, **04** रेशमा बेगम पत्नी स्व. मो असगर नि.-24 ए गुरुनानक कॉलोनी बैरसिया रोड भोपाल, **05** अब्दुल जहूर बेग आ. स्व. अब्दुल लतीफ बेग नि.-अहमदाबाद पैलेस रोड भोपाल, **06** बलविंदर सिंह आ. गुरनाम सिंह नि.-बी.रायसेन रोड नियर राधाकृष्ण मंदिर लाला लाजपत राय कॉलोनी भोपाल, **07** पुनीत तिवारी आ. श्री वीरेन्द्र तिवारी पता मकान नं-22 एडवोकेट कालोनी भोपाल, **08** सुभाषचंद शर्मा आ. रामनाथ शर्मा नि.-शाहजहानाबाद थाने के पास भोपाल भोपाल, **09** मसरूर खान आ. जलील खान नि.-शाहजहानाबाद भोपाल, **10** मनोरमा जैन पत्नी श्री प्रकाश चन्द्र जैन पता जी-110 शासकीय आवास कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, **11** रमेश माधव पुत्र श्री जे पी माधव पता निवासी मकान नं 22 विजय नगर लालघाटी भोपाल, **12** मुरलीधर पिंजानी पिता नानकराम पिंजानी निवासी संतकबरराम कालोनी भोपाल, **13** रीटा पिंजानी पत्नी श्री मुरलीधर पिंजानी निवासी संतकबरराम कालोनी भोपाल, **14** नंदकिशोर जैन पुत्र श्री फूलचंद जैन निवासी कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, **15** ममता मसीन पत्नी श्री सतीश मसीन पता मकान नं-बी-104 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोहेफिजा भोपाल, **16** डॉ. विजय भार्गव पुत्र श्री जगदीश प्रसाद भार्गव निवासी मकान नं-ए-62 द्वारकाधाम कालोनी न्यू जेल रोड करौंद भोपाल, **17** सुभाष चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामनारायण शर्मा निवासी शाहः बाद थाने के पास भोपाल, **18** सुषमा शर्मा पत्नी श्री सुभाष चन्द्र शर्मा निवासी शाहः बाद थाने के पास भोपाल, **19** मसरूर खान पुत्र स्व. श्री मजहर जलील खान पता आरिफ मकसूद के ऑफिस के ऊपर शाहः बाद भोपाल, **20** संगीता मरेले पत्नी श्री राजा मरेले निवासी मकान नं 27 गोल्फ लिंक फेस-1 एयरपोर्ट रोड लालघाटी भोपाल, **21** श्रध्दा मरेले पत्नी श्री मनीष मरेले निवासी मकान नं-27 गोल्फ लिंक फेस-1 एयरपोर्ट रोड लालघाटी भोपाल, **22** समस्त हितबद्ध मेढ पड़ोसी काश्तकार.

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज शर्मा आ. श्री के.एन. शर्मा, राकेश शर्मा आ. श्री के.एन. शर्मा एवं गिरजा देवी पत्नि श्री के.एन. शर्मा निवासी बडवाई भोपाल म.प्र. द्वारा ग्राम बडवाई स्थित भूमि खसरा नंबर 428/1/2/2 रकबा 1.00 एकड भूमि का बटान हेतु आवेदन पेश किया गया है। साथ ही ख.नंबर 428/1/2/3 रकबा 1.77 एकड ख. क्र. 428/1/2/4 रकबा 1.86 एकड म.प्र. शासन सीलिंग भूमि होने से शासनहित में सुरक्षित रखने हेतु बटान भी प्रस्तावित की गई है। प्रकरण दर्ज किया जाकर राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी से जांच कराई गई। राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी द्वारा प्रश्नाधीन भूमि का स्थल पंचनामा, प्रस्तावित फर्द बटान एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में विधिक कार्यवाही किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना पत्र जारी दिनांक से **15 दिवस** के भीतर स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/20424 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत भोपाल 268

दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन में भाग लेगा भारत का 33 सदस्यीय दल

नई दिल्ली (एजेंसी)। आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैम्पियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था।

पुरुष: तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख ।

महिला: दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रगन्या मोहन, पूनम विश्वास।

तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों में पदक किया पक्का

शंघाई (एजेंसी)। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी।

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाये। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा कि आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। उन्होने कहा कि सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है।

आम सूचना

मेरे पक्षकार **यश बैंक लिमिटेड**, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्री रवि विश्वकर्मा आत्मज बद्री विश्वकर्मा ने संपत्ति जो कि मकान नं. 94, हिनोतिया काछीयान, वार्ड नं. 36, तह. हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, को मेरे पक्षकार के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। यह कि उक्त संपत्ति उन्होंने राशिद खान से क्रय करने का अनुबंध किया है। उक्त संपत्ति का नाप 885 वर्गफिट व चतुर्सीमायें पूरब में-प्लॉट नं.-99, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-प्लॉट नं.-96 व दक्षिण में-सर्विस लेन एवं रास्ता है। यह कि उक्त संपत्ति से संबंधित पिछली मूल रजिस्ट्री जो कि दि. 28/10/09, ग्रंथ क्र. 33202, पं. क्र. 2893 (7), पर उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पंजीकृत है, एवं मूल पावर ऑफ अटोर्नी जो दि. 08/01/14, पुस्तक क्रमांक ए-4, ग्रंथ क्र. 295, पं.क्र. 2296 (5), पर उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पंजीकृत है, कहीं गुम हो गये है, जो कि समस्त प्रयासों के बाद भी नहीं मिल पा रहे हैं। यदि उक्त सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के **07 दिवस** के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें । यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा ।

दीपक शर्मा भवदीय एडवोकेट
कार्या.-ई-5/13-सी, अरेरा कालोनी, भोपाल
फोन: 0755-4007897,9993001229

266

कार्यालय संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल (मध्य प्रदेश)

क्रमांक BPLLP2112318463/दिनांक 22/Apr/2024

क्रमांक/1278 दिनांक 22/Apr/2024

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29(3) सहपठित म.प्र. **भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (Ankit Sharma)-Sangeeta Brahman द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) **परियोजना का नाम:**-Mosaic Leisure's Pvt- Ltd.

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):-पूर्व स्वीकृत ग्राम Bawadiya Kalan तहसील Kolar व जिला Bhopal की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 324/1/3, 325/3/2/1 (शामिल खसरा-468/325), 325/3/2/2 (शामिल खसरा-468/325) कुल रकबा 0.397 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) **विकास का प्रयोजन:**-RESIDENTIAL, PLOTTED HOUSING

(घ) **स्वीकृति क्रमांक** 569-LP141 दिनांक 2008-12-06

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के **15 दिवस** के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=9Au7gGS3my पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल (म.प्र.)

267